**Regarding establishment of Kendriya Vidyalaya**

माननीय अध्यक्ष **:** हरीश मीना जी ।

आप कह रहे थे कि फोटो नहीं आ रहा था । आप बोलिए आपका फोटो आएगा ।

श्री हरीश चंद्र मीना **:** नहीं, सर, मैं मैडम की फोटो के लिए कह रहा था ।? (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे लोकहित के मुद्दे पर बोलने का मौका दिया है । महोदय जैसा आपको विदित है कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित केंद्रीय विद्यालयों और जवाहर नवोदय विद्यालयों में शिक्षा उच्च स्तर की है और इनमें गुणवत्ता है । ये ज्यादातर जिला मुख्यालयों में हैं। मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि नीतियों में परिवर्तन करके तहसील स्तर पर केंद्रीय विद्यालय खोले जाएं ताकि हमारे ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब लड़कों को अच्छी शिक्षा का लाभ मिले । बहुत-बहुत आभार, धन्यवाद ।